हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 2 मार्च 2025

## पारडी में घरफोडी की घटना, ₹ 1.03 लाख की चोरी

**नागपुर.** पारडी पुलिस थाना क्षेत्र में एक घरफोडी की घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए नकद और आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्गानगर, पारडी निवासी संतोष बिसराम शरणागत (40) अपने परिवार के साथ बालाघाट, मध्य प्रदेश गए हुए थे। इस दौरान, 24 फरवरी की सुबह 7 बजे से 27 फरवरी की सुबह 7 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी अलमारी से ₹ 68,000 नकद और सोने के आभूषण सहित कुल ₹ 1,03,000 का माल चुरा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही संतोष शरणागत ने पारडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सहायक पुलिस निरीक्षक गजानन के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# एयरपोर्ट पर रनवे रिकरपेटिंग का काम 30 मार्च तक पूरा होने की संभावना

## अप्रैल से दुपहर में भी विमानों का संचालन अतिरिक्त सेवाएं शुरू

**नागपुर.**

नागपुर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे रिकरपेटिंग का काम पिछले 18 महीने से जारी है, लेकिन इसके बावजूद काम पूरा नहीं हो पाया है। इसी बीच एयरपोर्ट अथॉरिटी ने गर्मियों को लेकर नई समय सारिणी पेश कर दी है। जिसके तहत आगामी एक अप्रैल से दोपहर में भी विमानों का संचालन एयरपोर्ट द्वारा किया जाएगा। नई समय सारिणी के सामने आने के बाद यह अनुमान लगाया जाने लगा है कि, 30 मार्च तक रनवे रिकरपेटिंग का काम पूरा हो जाएगा।



नागपुर हवाई अड्डे से जल्द ही नोएडा, जयपुर और कोल्हापुर, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली, इंदौर और कोलकाता के लिए अतिरिक्त सेवाएं शुरू होंगी। 30 मार्च से नया कार्यक्रम लागू कर दिया जायेगा। इस तारीख से नई उड़ानें शुरू हो रही हैं। इसमें दुपहर के समय का उल्लेख है।

वर्तमान में नागपुर हवाई अड्डे पर रनवे रिकरपेटिंग का काम चल रहा है। इस कारण सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सभी उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। अगले महीने के भीतर यह काम पूरा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए नागपुर हवाई अड्डे से नई विमान सेवाएं शुरू करने की समय-सारिणी तैयार की गई है। पिछले सप्ताह अधिकारियों की एक बैठक हुई और उसके बाद कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में इंडिगो एयरलाइंस और स्टार एयर ने रेट किए गए तीन शहरों के लिए नई उड़ानें शामिल हैं।

### पुणे, बेंगलुरु और दिल्ली के लिए अतिरिक्त उड़ानें

इंदौर, कोलकाता, पुणे, बेंगलुरु और दिल्ली के लिए अतिरिक्त उड़ानें होंगी। 26 जुलाई से इंदौर की फ्लाइट दुपहर 12:35 बजे नागपुर पहुंचेगी और 12:10 बजे रवाना होगी। दूसरी उड़ान प्रत्येक बुधवार को दोपहर 12.15 बजे कोलकाता से नागपुर पहुंचेगी और दुपहर 12.45 बजे दिल्ली-हिल के लिए रवाना होगी। यह सेवा 30 जुलाई से शुरू होगी। 1 अप्रैल से पुणे से दूसरी उड़ान प्रतिदिन दुपहर 1.05 बजे नागपुर पहुंचेगी और 1.30 बजे राजस्थान के किसनगढ़ के लिए रवाना होगी। बेंगलुरू के लिए अतिरिक्त उड़ान दोपहर 2:20 बजे पहुंचेगी और 2:55 बजे कर्नाटक की राजधानी के लिए रवाना होगी। 1 अप्रैल से, शनिवार को छोड़कर, सप्ताह में छह दिन, पुणे से दुपहर 3.10 बजे आने वाली और दुपहर 3.45 बजे वापस आने वाली उड़ान होगी।

### नोएडा, जयपुर, कोल्हापुर के लिए नई उड़ानें

इंडिगो एयरलाइंस की जयपुर के लिए उड़ान सेवा 30 मार्च से शुरू होगी। यह उड़ान जयपुर से नागपुर रात 11.05 बजे पहुंचेगी और सुबह 7.20 बजे उड़ान भरेगी। कोल्हापुर के लिए स्टार एयर की उड़ान, जिसे 1 अप्रैल से स्लॉट आवंटित किया गया है, नागपुर में दुपहर 3.45 बजे पहुंचेगी और शाम 4.15 बजे उड़ान भरेगी। इंडिगो 30 अप्रैल से नोएडा के लिए उड़ान शुरू करेगी। इंडिगो 30 अप्रैल से नोएडा के लिए उड़ान शुरू करेगी। इंडिगो एयरलाइंस और स्टार एयर की नागपुर से शाम 4.30 बजे तीन शहरों के लिए नई दैनिक उड़ानें संचालित की जाएंगी।

## नागपुर में देह व्यापार का भंडाफोड़

### > बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच की सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने मानकापूर थाना क्षेत्र के ताजनगर स्थित पार्वती सहनिवास में एक बड़ी छापेमारी की। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और दो पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया। यह देह व्यापार एक बर्खास्त पुलिसकर्मी के घर में चल रहा था, जो अब पुलिस विभाग के लिए शर्मिंदगी का कारण बन गया है। क्राइम ब्रांच को ताजनगर में देह व्यापार के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी। जानकारी के अनुसार, कुछ लोग महिलाओं को देह व्यापार के लिए ग्राहक उपलब्ध करवा रहे थे। पुलिस ने इस सूचना की पुष्टि करने के बाद बोगस ग्राहक भेजा और जैसे ही सूचना सही साबित हुई, उन्होंने छापेमारी कर चार आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन दिलीप मेश्राम (35)( नागपुर ग्रामीण पुलिस दल से बर्खास्त पुलिसकर्मी), आकाश अशोक जगनीत (32) कामठी निवासी, सोनाली सचिन मेश्राम (20) और एक 48 वर्षीय महिला शामिल है। पुलिस के अनुसार,



बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन मेश्राम ने 14 फरवरी को सोनाली मेश्राम से दूसरी शादी की थी और उसी समय से वह पार्वती सहनिवास में किराए के कमरे में रह रहा था। आकाश जगनीत एक दलाल के रूप में काम कर रहा था और उसने 48 वर्षीय महिला की बेटी को इस अपार्टमेंट में भेजा था। इसके अलावा सचिन की पत्नी सोनाली मेश्राम की फेसबुक फ्रेंड कोलकाता से नागपुर आई थी और सचिन मेश्राम के घर में रह रही थी। इस छापेमारी के दौरान आरोपियों से पुलिस ने चार मोबाइल फोन ₹3000 लागत सहित 49020 हजार रुपये का माल भी जब्त किया है। पुलिस विभाग में कार्यरत बर्खास्त पुलिसकर्मी की इस घिनौनी हरकत ने पुलिस विभाग को भी शर्मिंदा किया है। चारों आरोपियों के खिलाफ पिटा एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मानकापूर थाने में मामला दर्ज किया है और आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए मानकापुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## थानेदार महेश आंधले को शासन ने किया बालस्नेही अवॉर्ड से पुरस्कृत

### >अब तक आंधले ने 27 बाल विवाह रुकवाए

**कामठी.** नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर महेश आंधले को बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षा के लिए शासन द्वारा बालस्नेही अवार्ड' के लिए घोषित किया गया है।

नागपुर पुलिस आयुक्त डॉ.रविंद्र सिंघल ने पुरस्कार के लिए महेश आंधले को बधाई दी है। वे इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले शहर में एकमात्र हैं। महेश आंधले को कर्तव्यदक्ष पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय काम किया है। उन्होंने अपने करियर के दौरान 27 बाल विवाह को रुकवाए हैं । बच्चों की काउंसलिंग और उनके दिमाग को बदल दिया। इसी तरह जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह को रोकने के लिए एक बड़ा योगदान भी दिया है।

उन्होंने बच्चों के दिमाग की कई तरह की आशंकाओं और गलतफहमी को खत्म करने के लिए विभिन्न उपक्रम लागू किए। वे स्कूलों, कॉलेजों में बाल दिवस पर जाकर 'पुलिस दीदी' और 'पुलिस चाचा'



जैसी नवीन अवधारणाओं के माध्यम से छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाई। महाराष्ट्र सरकार ने वरिष्ठ इंस्पेक्टर महेश आंधले के प्रशंसनीय कार्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें बालस्नेही पुरस्कार' से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस पुरस्कार का प्रस्ताव पुलिस आयुक्त डॉ. रविन्द्र सिंघल द्वारा सरकार को भेजा गया था। ज्ञात हो कि कपिल नागर पुलिस थाना के कार्यकाल के दौरान, वे छह महीने में दस घरों से गए उन बच्चों की तलाश की थी और उन्हें अपने माता -पिता को सौंप दिया था। उनमें से कुछ अन्य राज्य के थे। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में बैठकों में बच्चों के बारे में जागरूकता बढ़ाई। नागपुर के पाटणकर चौक स्थित बच्चों की वेधशाला और बालगृह समय -समय पर भेंट देकर नियमित रूप से आवश्यक सहायता प्रदान किए है।

## अन्न आणि औषध विभाग के सभी पदों पर होगी भर्ती

### > मिलावट की जाँच के लिए होगी 28 मोबाईल वैन की खरीदः मंत्री नरहरी झिरवाल

**नागपुर.**

मंत्री नरहरी झिरवाल ने अन्न आणि औषध प्रशासन में खाली पदों पर को जल्द भरने का ऐलान किया है। झिरवाल ने कहा कि, विभाग में 1271 पदों की स्वीकृति है। वर्तमान में एमपीएससी के माध्यम से 190 पदों को भरा जा रहा है, जल्द ही बचे हुए पदों को भी भरा जाएगा।" इसी के मंत्री ने यह भी कहा कि, जल्द ही विभाग द्वारा 28 मोबाईल वैन खरीदी जाएगी और उन्हें क्षेत्र द्वारा वितरित किया जाएगा जिससे मौके पर मिलावट की जा की जा सकें। झिरवाल शुक्रवार को नागपुर दौरे पर पहुंचे थे, जहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह बात कही।



## महामृत्युंजय कल्याणकारी संस्था और कलाकार मंच की पहल

### >भक्तों को गजानन महाराज की दी जानकारी

नागपुर. महामृत्युंजय कल्याणकारी संस्था एवं कलाकार मंच लोकतंत्र मिरर के माध्यम से ब्रह्मांड नायक प्रस्तुतीकरण 25 फरवरी 2025 को सुरेश भट सभागृह मैं ब्रह्मांड नायक प्रस्तुतीकरण का अगस्त किया गया जिसमें गजानन महाराज जी के 21 अध्याय को नाटक संगीत के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें भक्तों को गजानन महाराज जी की पुरी जानकारी प्रस्तुत की गई महामृत्युंजय कल्याणकारी संस्था के सचिव सूरज दुबे एवं कान्हा द्विवेदी अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सागर धार्मिक डॉक्टर नीतिश गायकवाड कलाकार मंच के अध्यक्ष कुणाल पांडे आदि समस्त सदस्य गण थे.

## घातक शस्त्र के साथ अपराधी गिरफ्तार

नागपुर. कपिलनगर पुलिस ने घातक शस्त्र रखने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उप्पलवाड़ी के पास कोठारी ले-आउट के समीप एक अपराधी हथियार लेकर घूम रहा है। इस पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान विशाल देशराज राजपूत (33) गुरु तेगबहादुर नगर, नारी उप्पलवाड़ी निवासी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ है। विशाल राजपूत के खिलाफ पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड हैं। उसके खिलाफ भारतीय हथियार अधिनियम की धारा 4/25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## रेलवे सुरक्षा बल का सेमिनार आयोजित

### >नए आपराधिक कानूनों पर चर्चा

**नागपुर.**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने मोतीबाग स्थित रेलवे मंगल मंडप में नए आपराधिक कानूनों पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल के 70 से अधिक सदस्य और अधिकारी शामिल हुए। सेमिनार में महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर मुन्नवर खुर्शीद के मार्गदर्शन और मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के निर्देशन में विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हुईं। मुख्य अतिथि, मुख्य वर्कशॉप प्रबंधक मोतीबाग विश्वलाल एन. ने सेमिनार का उद्घाटन किया। सेमिनार में प्रमुख वक्ताओं में डॉ. पायल ठवरे, डॉ. विजेता उईके, शिखा गुप्ता और पूर्व न्यायाधीश रिचा कोचर शामिल रहीं। शिखा गुप्ता ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 और महिलाओं की यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम, 2013 पर व्याख्यान दिया। डॉ. विजेता उईके ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 की विस्तृत जानकारी दी, जबकि रिचा कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में डीएससी दीप चंद्र आर्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में साइबर क्राइम, मानव तस्करी, फॉरेंसिक और आबकारी अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।



## तहसील में छेड़छाड़ का मामला

### >20 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**नागपुर.**

तहसील इलाके में एक चौंकाने वाली घटना में, 20 वर्षीय युवक को 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी, भूपेंद्र उर्फ करण नरेश कांबले(20) तहसील निवासी लड़की को तब से परेशान कर रहा था जब से उसने कॉलेज जाना शुरू किया था। घटनाक्रम के अनुसार, फरवरी 2024 और 28 फरवरी 2025 के बीच, कांबले ने कथित तौर पर लड़की को दुकानों पर जाते समय रोका और उससे बात न करने का कारण पूछा। उसने कथित तौर पर उससे कहा कि वह उससे प्यार करता है और धमकी दी कि अगर उसने उससे बात नहीं की तो वह उसे और उसके पिता को जान से मार देगा। लड़की की शिकायत के आधार पर, तहसील पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहित की धारा 78, 79,351 (2) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## 100 से ज्यादा चोरियों में लिप्त कुख्यात चोर महिलांगे गिरफ्तार

### 8.20 लाख का माल बरामद

**नागपुर.**

शहर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कड़ी मशक्कत और तकनीकी जांच के बाद शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिस पर नागपुर समेत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 100 से ज्यादा चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपी नरेश अंकालु महिलांगे (34), निवासी पुंजाराम वाडी, डिप्टी सिग्नल को पुलिस ने एक सुनियोजित योजना के तहत पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से 2.35 लाख रुपये नकद, 2 बाइक, 2 कार और एक मोबाइल समेत कुल 8.20 लाख रुपये का चोरी का माल जब्त किया है।

**बर्थडे पार्टी के दौरान की थी चोरी**

22 से 23 फरवरी के बीच नरेश ने कलमना थाना क्षेत्र के सूर्यानगर निवासी अनिल रामचंद्र ओचल (52) के घर में सेंध लगाई। उस समय अनिल अपने परिवार के साथ उमरेड में एक जन्मदिन



समारोह में गए हुए थे। इस दौरान आरोपी ने घर का ताला तोड़कर सोने, चांदी और डायमंड के गहने चुरा लिए। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की थी।

**350 से ज्यादा CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली**

शहर पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि इस चोरी में नरेश का हाथ हो सकता है, जो पहले से ही वाहन चोरी और घरफोड़ियों में वांछित था। पुलिस ने 350 से अधिक सरकारी और निजी सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली और तकनीकी जांच के जरिए आरोपी की तलाश शुरू की। सूत्रों से जानकारी मिली कि नरेश शहर और ग्रामीण पुलिस की सीमा पर स्थित खेडी गांव में श्रीजी लेआउट में एक सीमेंट की पाइप में बैठकर नशा करता था। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा।

**अंतरराज्यीय चोर, कई थानों में दर्ज हैं मामले**

नरेश नागपुर शहर के नंदनवन, कलमना, लकड़गंज, गणेशपेठ, कोतवाली, वाठोडा, कोराडी और यशोधरानगर थानों में चोरी के मामलों में वांछित था। इसके अलावा, नागपुर ग्रामीण क्षेत्र के खापरखेड़ा और मौदा पुलिस थानों में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। मध्य प्रदेश के लोधीखेडा (छिंदवाड़ा) और छत्तीसगढ़ में भी उसके खिलाफ चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच के लिए कलमना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

### काल्या खरीदता था चोरी का माल


पूछताछ में नरेश ने खुलासा किया कि चोरी का माल वह अरशद काल्या नामक व्यक्ति को बेचता था। अरशद पर पहले से एमडी तस्करी समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान पुलिस को एक और चौंकाने वाली जानकारी मिली। पता चला कि नरेश और अरशद के साथ एक बर्खास्त पुलिसकर्मी भी जुड़ा हुआ था। हालांकि, अब उसे सेवा से हटा दिया गया है।

### बेनटेक्स के निकले गहने

जब पुलिस ने इस बर्खास्त पुलिसकर्मी से पूछताछ की, तो उसने चोरी का माल लौटाने की पेशकश की। जब वह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने कुछ गहने लेकर आया, तो जांच में पता चला कि वे सभी बेनटेक्स के थे। जब अधिकारियों ने और दबाव डाला, तो उसने अरशद के बारे में और जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, इस बर्खास्त पुलिसकर्मी ने दावा किया कि वह अरशद को पुलिस के हवाले कर देगा।

### अरशद की तलाश जारी

नरेश की गिरफ्तारी के बाद यह मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस अब अरशद और उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है। क्राइम ब्रांच की टीम इस पूरे गैंग के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की संभावना है।




CMYK

# वाडी नगर परिषद को होर्डिंग टैक्स से भारी नुकसान

> प्रशासन की लापरवाही से लाखों की राजस्व हानि
> अब नप करेगी अवैध होर्डिंग पर कार्रवाई, जारी किए नोटिस



**वाडी.**

मुंबई के घाटकोपर में हुए होर्डिंग हादसे के बाद प्रशासन ने अवैध होर्डिंग्स पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में, वाडी नगर परिषद क्षेत्र में भी 18 से 20 बड़े होर्डिंग्स से नगर परिषद को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। 2015 में वाडी ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनने के बाद से अब तक इन होर्डिंग्स पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया, जिससे नगर परिषद की आय प्रभावित हो रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रति स्क्वायर फीट ₹3 की दर से टैक्स वसूला जाता, तो 20 होर्डिंग्स से प्रतिमाह करीब ₹70,000 की आय होती। इस हिसाब से हर साल नगर परिषद को करीब 8.4 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। पिछले 9 वर्षों में यह आंकड़ा 75 लाख रुपये से अधिक हो सकता था, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते यह राशि नगर परिषद के खजाने में नहीं पहुंच पाई। सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद के कुछ अधिकारियों और कर्मियों पर होर्डिंग मालिकों से अवैध वसूली करने के भी आरोप लगे हैं। जहां नगर परिषद को टैक्स के माध्यम से आय हो सकती थी, वहीं कुछ कर्मियों ने गैरकानूनी तरीके से वसूली कर नगर परिषद को और अधिक नुकसान पहुंचाया। नगर परिषद को मिलने वाला यह राजस्व सड़क निर्माण, सफाई, जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता था। लेकिन टैक्स न वसूलने के कारण नगर परिषद की वित्तीय स्थिति कमजोर हो गई है। वर्तमान में विकास कार्यों के लिए बजट की कमी बनी हुई है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नगर परिषद प्रशासन इन होर्डिंग्स पर टैक्स लगाने के लिए ठोस कदम उठाएगा? क्या अब तक के बकाया टैक्स की वसूली की जाएगी, या फिर नगर परिषद इसी तरह आर्थिक नुकसान झेलती रहेगी? नगर परिषद को जल्द ही इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करनी होगी, ताकि राजस्व में वृद्धि हो सके और शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। साथ ही, अवैध वसूली के आरोपों की निष्पक्ष जांच भी जरूरी है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

**नगर परिषद का बयान**

'सभी होर्डिंग मालिकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। अर्ज मंगवाने के बाद जो उचित और वैध होगा, उसे ही अनुमति दी जाएगी, अन्यथा अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई होगी।'

**-अभिजीत येडवे, सहायक कर निरीक्षक, नगर परिषद वाडी.**

# पोरवाल कॉलेज एवं वीएसएएलएफ के तत्वावधान से साहसिक यात्रा

**कामठी.**

स्थानिक सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग, स्वास्थ्य जागरूकता प्रकोष्ठ तथा विवेकशील एडवेंचर लवर्स फाउंडेशन (वीएसएएलएफ), कामठी के तत्वावधान से एक रोमांचक एक दिवसीय साहसिक यात्रा का सफल आयोजन किया गया।




इस आयोजन का नेतृत्व संयोजक डॉ. जयंत रामटेके और सह-संयोजक डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने किया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और बाहरी रोमांचकारी कौशल को बढ़ावा देना था। इस दौरान छात्रों को विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला, जिससे उनमें आत्मविश्वास और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित हुई। इस एकदिवसीय शौर्य शिविर में विभिन्न साहसी खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतर्गत स्काई साइक्लिंग, जिप लाइन, बर्मा ब्रिज, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, घुड़सवारी, ऊंट सवारी, नौका सवारी, जल क्रीड़ा और विभिन्न ऑप्टिकल्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन रोमांचक खेलों में भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता बढ़ी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पोरवाल महाविद्यालय के निवृत्त प्रोफेसर मेजर डॉ. यशवंत टेंभूरकर की स्मृति में "मेजर टेंभूरकर, विवेकशील अनुशासन पुरस्कार" वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से उनके वर्यता गुणानुसार पुरुष गट में प्रथम स्थान – सरफराज अंसारी, द्वितीय स्थान – खान तृतीय स्थान – मोहम्मद जुनैद, महिला गट में प्रथम स्थान – अश्विनी लीलारे, द्वितीय स्थान – मनस्वी बोरकर, तृतीय स्थान – संध्या शरणागत को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शौर्य शिविर में सभी प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव प्राप्त हुआ।

इस प्रकार के सफल आयोजनों के माध्यम से सेठ केसरीमल पोरवाल महाविद्यालय छात्रों को बाहरी खेलों और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता रहेगा, जिससे उनमें स्वास्थ्य, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता का विकास होगा। प्रतिभागियों ने इस अनुभव के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और रोमांचक गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

## महाशिवरात्रि पर श्री गोपालेश्वर मंदिर में महाप्रसाद का आयोजन



**वाडी.**

नागलवाड़ी स्थित श्री गोपालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और भगवान महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गोपाल परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल द्वारा किया गया।

मंदिर समिति के सदस्य दिनेश अग्रवाल ने बताया कि हर साल महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, हलवा, पूड़ी और अन्य प्रसाद के रूप में भोग तैयार किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव की आराधना की और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्तों ने भी इस धार्मिक माहौल का आनंद लिया।

मंदिर समिति एवं स्थानीय ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भक्तों ने शिव आराधना के बाद महाप्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**अखंड भारत को सच्ची श्रद्धांजलि मानने का संकल्प**

**नागपुर.**

सिंध मुक्ति संगठन की ओर से स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की 59वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रा. विजय केवलरामानी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, सिंध मुक्ति संगठन), कैलाश केवलरामानी (राष्ट्रीय महासचिव, सिंध मुक्ति संगठन), नीलम आहूजा (विदर्भ प्रांत अध्यक्षा), रशमी वाधवानी, रिचा केवलरामानी और राजेंद्रकौर सपरा की उपस्थिति में की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रा. विजय केवलरामानी ने कहा, "हमें जो आज़ादी मिली है, वह हमारी विरासत है और यह हमारे शहीदों की शहादत का परिणाम है। वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ वीरता और संघर्ष की नई परिभाषा लिखी। अखंड भारत ही वीर सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश केवलरामानी ने कहा कि वीर सावरकर का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।

उन्होंने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया और स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्रहित में कार्य करते रहे। उन्होंने घोषणा की कि वीर सावरकर की अगली पुण्यतिथि सिंधु के पावन तट पर सिंध में मनाई जाएगी। नीलम आहुजा ने कहा कि वीर सावरकर एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना चाहते थे, जहां सभी को समान अधिकार मिले और हर नागरिक को उसका हक प्राप्त हो। रशमी वाधवानी ने वीर सावरकर को आज़ाद भारत का एक सच्चा सैनिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में प्रकाश ढोलवानी, सर्वेश बोदले, दीपक यादव, पंकज हेमनानी, डॉ. माधवी मोहरील, डॉ. अनिता चंदवानी, डॉ. आरती तिवारी, दीपिका गजभिये, विद्या जाधव, भूमिका सिंह, प्रा. मिताली मेहता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मिताली मेहता ने किया, वहीं आगंतुकों का स्वागत राजेंद्रकौर सपरा और आभार प्रदर्शन रिचा केवलरामानी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने "भारत माता की जय" और "अखंड भारत बनाकर रहेंगे" के गगनभेदी नारे लगाए। यह कार्यक्रम वीर सावरकर के विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्र की एकता व अखंडता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# छात्रों को विकास में माता-पिता का बहुत योगदान हैं: रीना नाथ



**कामठी.**

सुहाना फाउंडेशन की अध्यक्ष रीना नाथ ने कहा कि प्रतियोगिता के युग में छात्रों के समग्र विकास में माता -पिता का योगदान दिया गया। उन्होंने सफर प्री प्राइमरी स्कूल गुरुकुपा कॉलोनी नागपुर रोड कामठी केंटोनमेंट में माता -पिता की बैठक कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए कही। पालक सभा कार्यक्रम रीना नाथ द्वारा सरस्वती की छवि को पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। इस समय पत्रकार सुदाम राखड़े, प्रिया पाठक, रेनु कुंभ्रे, अलका चौरे, दीपाली पेकड़े, पल्लवी महिले आदि महिलाएं माता -पिता की बैठक में मौजूद थीं। छात्रों के सकारात्मक व्यवहार, समय प्रबंधन, विभिन्न प्रकार के चार्ट, मॉडल, उद्देश्य, लक्ष्यों, छात्रों को बढ़ावा देने और छात्रों की गुणवत्ता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रास्ताविक अलका चौरे एवं संचालन रेणू कुमरे तथा आभार प्रदर्शन दिपाली पेकडे ने किया।

## जिला परिषद प्राथमिक स्कूल मंगरूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया



**हिंगना.**

जिला परिषद प्राथमिक स्कूल मंगरूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम पंचायत मंगरूल के सरपंच ज्ञानेश्वर पवार, ग्राम पंचायत सदस्य प्रमोदजी थोटे, नमिता ठाकरे और ग्राम पंचायत सदस्य अ. ढाले के हाथों किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षिका रंजना चौधरी, शालेय व्यवस्थापन समिति की उपाध्यक्ष भारती खूरसंगे, कविता ठाकरे, रूपाली सोनूले, स्वाती थोटे, भावना थोटे, सोनाली थोटे, पूजा मलघडे, एकता नलगे, रुषाली चौधरी और सोनू ठाकरे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया, जिससे सभी अतिथिगण प्रभावित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की गई।

## मांगें पूरी होने तक अनशन रहेगी जारी: माया उईके



**कामठी.** लोकाधिकार परिषद की महासचिव माया उईके ने कहा कि शनिवार 1 मार्च से जयस्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा परिसर पर अतिक्रमण मुहिम में हटाए गए 12 मकानों की नुकसान भरपाई की मांग को पूरा कराने को लेकर आमरण अनशन आंदोलन किया जा रहा है। इस अवसर पर लोकाधिकार परिषद की महासचिव माया उईके ने शुरू होने वाले आमरण अनशन को जनसमर्थन लेकर मजबूती से अनशन जीतने की कसम खाई और पूरे अनशन मंडप ने इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए संगत के जयकारों के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की। माया उईके ने कहा कि हम सभी लोकाधिकार परिषद नेता किशोर गेडाम के नेतृत्व के साथ हैं और जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा और सभी अनशन पर रहेंगे।

# प्राण-प्रतिष्ठा एवं समाज भवन का उद्घाटन संपन्न

**खापरखेडा.**

खापरखेडा क्षेत्र के रविदास नगर, चंनकापुर में हाल ही में संत शिरोमणि रविदास महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। संत रविदास महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री सुनील केदार के हाथों समाज भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति राहुल तिवारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रकाश खापरे, पोटा ग्राम पंचायत के सरपंच पवन धुर्वे, भानेगांव ग्राम पंचायत की सरपंच शालिनी ताई चवरे, चिचोली ग्राम पंचायत की सरपंच मिनाक्षी ताई तागड़े, पोटा के उपसरपंच विश्वजीत सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य आरती सावरकर सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्तित्व मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज भवन से लक्ष्मी नारायण मंदिर, चंनकापुर तक दिंडी पालखी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। इस शोभायात्रा में भजन मंडलों, महिला आयोजकों एवं युवा समितियों ने विशेष योगदान दिया। इसके पश्चात गुरु रविदास महाराज की अमृतवाणी का सुमधुर प्रस्तुतीकरण देवीदास महाराज (रायपुर) द्वारा किया गया। इस पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा कमिटी और महिला आयोजकों का विशेष योगदान रहा, जिसमें कौशलबाई लोंढेकर, अनीता कुंभरे, दुर्गा गोणेकर, रेखा चौरे, वंदना लोंढेकर, विभा कुंभरे, नमिषा कुंभरे, मंजू सूर्यवंशी, नंदा लोंढेकर, लक्ष्मी चौरे, पद्मा तेलुते, अस्मिता तांडेकर, मंदा तांडेकर, प्रीतम लोंढेकर, सोमती पाटील, प्रशांत कुंभरे, दीपक कुंभरे, प्रकाश लोंढेकर, मनोज चौरे, देवचंद चौरे, राजा तांडेकर सहित अनेक समाजबंधुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संत रविदास महाराज के विचारों एवं शिक्षाओं को प्रचारित कर, सामाजिक एकता एवं भक्ति भाव को और भी मजबूत करने का प्रयास किया गया।



# इंस्टाग्राम पर गैंग से जुड़ा वीडियो पोस्ट करना पड़ा महंगा


> तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**वाडी.**

इंस्टाग्राम पर गैंग से जुड़े वीडियो पोस्ट करना तीन युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने इस मामले में सागर कैलास जयस्वाल, कुणाल चीनकुरे और रिजवान के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वाडी पुलिस स्टेशन के गोपनीय विभाग में कार्यरत पुलिस हवलदार गोविंद सिताराम मांडवगडे (53 वर्ष) ने 28 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच के दौरान इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पाया।

कुणालचिंकुरे501 नामक इंस्टाग्राम अकाउंट पर मिले वीडियो में सागर जयस्वाल नजर आ रहा था, जिसमें उसने "भाई का गैंग छोड़ने और खुद का गैंग बनाने" की बात कही थी। इसी तरह, एसएसब्रोठेर्स 501 अकाउंट पर एक और वीडियो मिला, जिसमें रिजवान ने "बॉस इज बैक" और "जंगल में आग लगने वाली है" जैसे कथन किए थे। इस वीडियो में भी सागर जयस्वाल मौजूद था। पुलिस का मानना है कि इन वीडियो का उद्देश्य समाज में डर और अशांति फैलाना हो सकता है। इसलिए, तीनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। नागपुर शहर पुलिस ने भी इस मामले में सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि "अनधिकृत तरीकों का इस्तेमाल न करें! एक व्यक्ति ने नई कार खरीदने के लिए वाहनों के काफिले का उपयोग किया, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ। उसने इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद नागपुर साइबर पुलिस ने कार्रवाई की।"




यह मामला वाडी पुलिस स्टेशन में पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक उत्तम जायभाये द्वारा दर्ज किया गया है। फिलहाल, अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि इन वीडियो का असली मकसद क्या था और क्या इनका किसी बड़े गिरोह या आपराधिक संगठन से कोई संबंध है।

**सोशल मीडिया पर बढ़ी निगरानी**

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या समाज में भय फैलाने वाले कंटेंट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साइबर सेल और पुलिस ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रख रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## श्री जोपादेवी ट्रांसपोर्ट और टाटा मोटर्स की साझेदारी से लॉजिस्टिक्स उद्योग को नया आयाम

**नागपुर.** महाराष्ट्र की प्रतिष्ठित लॉजिस्टिक्स कंपनी श्री जोपादेवी ट्रांसपोर्ट ने टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूत कर लिया है। यह सहयोग कंपनी को उन्नत सेवाएं प्रदान करने और लॉजिस्टिक्स उद्योग में अपनी स्थिति को और भी सुदृढ़ करने में मदद कर रहा है।

16 वर्षों से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही श्री जोपादेवी ट्रांसपोर्ट की सफलता का एक प्रमुख कारण टाटा मोटर्स के भरोसेमंद और अत्याधुनिक समाधान हैं। कंपनी के बेड़े में 200 से अधिक वाहन शामिल हैं, जिनमें टाटा अल्ट्रा 1012 और टाटा प्राइम मूवर्स जैसी उच्च क्षमता वाली गाड़ियां शामिल हैं, जो लंबी दूरी के परिवहन और भारी सामान ढोने के लिए उपयुक्त हैं।

टाटा मोटर्स के कनेक्टेड व्हीकल प्लेटफॉर्म 'फ्लीट एज' के उपयोग से वाहनों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# डाकघर में छात्रों को खाता खोलने के लिए भटकना पड़ रहा

**खापरखेडा.**

डाकघर अब केवल पत्र या पार्सल वितरण के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार की कई आकर्षक योजनाओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। विशेष रूप से, स्कूल के छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए बैंक खाता खोलना आवश्यक होता है, जिससे पोस्ट ऑफिस की ओर उनका रुझान बढ़ा है।

खापरखेडा के पास स्थित चिचोली क्षेत्र को औद्योगिक रूप से विकसित माना जाता है, और यहां की बड़ी आबादी के कारण खापरखेडा शहर एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। लेकिन, बीते कुछ दिनों से छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता खोलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि खापरखेडा पोस्ट ऑफिस के अंतर्गत वलनी, हिंगना बारभाई, तामसवाडी और बिना गांव जैसे स्थानों पर डाकघर मौजूद हैं। खापरखेडा पोस्ट ऑफिस में करीब 20 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से केवल 9 कर्मचारी खापरखेडा मुख्य डाकघर में मौजूद हैं।



बावजूद इसके, छात्रों को खाता खोलने के लिए नागपुर, वलनी और अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। इसका कारण पोस्ट ऑफिस में सर्वेक्षण लिंक की समस्या और खाता खोलने वाले डिवाइस का खराब होना बताया जा रहा है। खापरखेडा शहर मुख्य बाजार क्षेत्र होने के बावजूद, स्थानीय छात्रों और उनके अभिभावकों को बैंक खाता खोलने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल मानसिक तनाव बढ़ रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से भी अभिभावकों पर बोझ पड़ रहा है। खापरखेडा पोस्ट मास्टर गहुकर मैडम ने बताया कि छात्रों के लिए वलनी में खाता खोलने की व्यवस्था की गई है। डिवाइस की खराबी के कारण परेशानी हो रही है, लेकिन इसे सुधारने के लिए डिवीजन ऑफिस भेजा गया है। जिन छात्रों को तुरंत खाता खोलने की आवश्यकता है, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। विद्यार्थी के पालक कृष्णा पारवे ने बताया कि डाकघर में खाता खोलने के लिए उन्हें अन्य गांवों में जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालकर छात्रों की परेशानियों को दूर करने की जरूरत है।

# महाविद्यालयों को अध्यापकों की भर्ती में मिली छूट

## > नए नियम केवल विश्वविद्यालयों पर लागू

**अमरावती.**

महाराष्ट्र में अकृषि विश्वविद्यालयों में अध्यापक पदों की भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है। अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए अब इस भर्ती प्रक्रिया में नई कार्यपद्धति अपनाई जाएगी। हालांकि, यह नियमावली केवल अकृषि विश्वविद्यालयों पर लागू होगी, जबकि महाविद्यालयों को इससे छूट दी गई है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या नए नियमों को महाविद्यालयों पर लागू नहीं किया जाएगा?

राज्य सरकार के उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्यपाल और कुलपति के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक, सहयोगी प्राध्यापक और प्राध्यापक पदों की चयन प्रक्रिया के लिए अंकन प्रणाली तय की है। इस प्रणाली के तहत उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और साक्षात्कार प्रदर्शन को आधार बनाया जाएगा। इन दोनों पहलुओं को मिलाकर अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस नए नियम के अनुसार, शैक्षणिक योग्यता, शोध कार्य और शिक्षण अनुभव को 80% अंक (वेटेज) दिए जाएंगे, जबकि साक्षात्कार के लिए 20% अंक (वेटेज) निर्धारित किए गए हैं। कुल 100 अंकों में से न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ही अंतिम चयन के लिए योग्य माना जाएगा।

साक्षात्कार के दौरान शिक्षण क्षमता, शोध कौशल, परिचर्चा, प्रयोगात्मक प्रदर्शन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग की समझ का मूल्यांकन किया जाएगा। चयन समिति की बैठकों का ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग किया जाएगा और चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ सीलबंद किया जाएगा।



**पारदर्शिता पर उठे सवाल**

भविष्य में विश्वविद्यालयों में होने वाली अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को इस नई कार्यपद्धति के तहत संचालित किया जाएगा। हालांकि, अधिकतर अध्यापक भर्ती महाविद्यालयों में होती है, लेकिन सरकार ने वहां भर्ती प्रक्रिया को स्वतंत्र रखा है।

इसका सीधा लाभ महाविद्यालयों के प्रबंधन को मिलता दिख रहा है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की भर्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नए नियम केवल 8 से 10 विश्वविद्यालयों पर लागू होंगे, जबकि पहले आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया संचालित करने की योजना थी।

लेकिन इसमें अधिक समय लगने के कारण फिलहाल अकृषि विश्वविद्यालयों के लिए भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है, जबकि महाविद्यालयों पर यह नियम लागू नहीं होंगे। इस फैसले से शिक्षण जगत में असंतोष बढ़ सकता है, क्योंकि महाविद्यालयों को दी गई छूट से वहां की भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ सकते हैं।

# एक ही स्थान पर पांच साल की सेवा पूरी कर चुके पुलिसकर्मियों के होंगे तबादले

**अकोला.**

पुलिस बल में पुलिस कांस्टेबल से लेकर सहायक पुलिस उपनिरीक्षक संवर्ग में तबादलों की झड़ी लगने वाली है। जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह ने एक ही स्थान पर पांच साल की सेवा कर चुके और अनुरोध पर स्थानांतरण के पात्र पुलिसकर्मियों को 30 अप्रैल तक अपने आवेदन जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं।

प्रशासन ने मई माह से पहले पुलिस कांस्टेबल से लेकर सहायक पुलिस उपनिरीक्षक तक के वार्षिक सामान्य तबादले करने की तैयारी कर ली है। 31 मई 2025 तक एक ही थाने



में पांच साल की सेवा पूरी करने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया जाएगा।

स्थानांतरण करते समय संबंधित कर्मचारियों को उनकी मूल तहसील में तैनात नहीं किया जाएगा। यह नियम पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

हालांकि प्रशासन ने कर्मचारियों को स्थानांतरण के लिए तीन पसंदीदा स्थानों का विकल्प दिया है। क्योंकि पसंदीदा स्थान पर स्थानांतरण का कोई अधिकार नहीं है, इसलिए अंतिम निर्णय रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार लिया जाएगा। जो पुलिस कर्मी पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करते हैं वे अनुरोध पर स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित कर्मचारी को कम से कम दो वर्ष पूरे करने होंगे। हालाँकि, चिकित्सा कारणों या पति-पत्नी के पुनर्मिलन जैसे मामलों में, दो साल की अवधि में छूट दिए जाने की संभावना है।

# भंडारा ऑर्डनेंस फैक्ट्री विस्फोट में घायल कर्मचारी ने आखिरकार हारी जिंदगी की जंग

## > महीने भर से नागपुर के अस्पताल में चल रहा था इलाज

**भंडारा.**

भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री विस्फोट में जख्मी एक कर्मचारी की इलाज के दौरान नागपुर के अस्पताल में मौत हो गई। 24 जनवरी को हुए इस हादसे में मृत कर्मचारियों की संख्या अब 9 हो चुकी है। मृतक जयदीप बनर्जी पिछले महीने भर से अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहे थे, लेकिन आखरी में वो जिंदगी की जंग हार गए।

24 जनवरी को भंडारा के पास जवाहर नगर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एलटीई-23 यूनिट में शक्तिशाली विस्फोट हुआ था जिसमें 8 कर्मचारियों की तो उसी दिन मौत हो गई थी जबकि 5 अन्य घायल हुए थे। उनमें से तीन को




भंडारा शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उनके स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनका नागपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा था। इनमें फिटर जनरल के पद पर कार्यरत जयदीप बनर्जी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। जिससे अब इस हादसे में मृत कर्मचारियों की संख्या ९ हो गई है। जबकि गंभीर रूप से जख्मी दूसरे का अभी भी नागपुर में इलाज चल रहा है।

# कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह हुए सेवानिवृत

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रोफेसर तथा कार्यवाहक कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह शुक्रवार 28 फरवरी को सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विश्वविद्यालय की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के साथ मेरी पहचान जुड़ी हुई है। विश्वविद्यालय की ओर से स्नेह, सद्भाव और प्रेम पाकर में स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में आगे बढ़ेगा



और कामयाब होगा। इस अवसर पर प्रो. सिंह का मंचासीन अतिथियों ने सूत माला, शॉल, तुलसी का पौधा तथा श्रीकृष्ण की मूर्ति प्रदान कर सत्कार किया।

ग़ालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, शिक्षा एवं प्रबंधन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक, वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक, तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. दिगंबर तंगलवाड, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे, साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज से प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे, डॉ.अवंतिका शुक्ला एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. मुन्नालाल गुप्ता व विद्यार्थी अमित कुमार तथा शुभम तांबे ने प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह को उनके दीर्घायु जीवन की तथा स्वस्थ और सानंद रहने की कामना की। सभी ने उनके साथ आए अनुभव को साझा करते हुए उन्हें एक अच्छे शिक्षक और संवेदनशील व्यक्ति बताया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा कुलगीत से किया गया। समापन राष्ट्रगान से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन तुलनात्मक साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना ने किया तथा कुलसचिव प्रो आनन्द पाटील ने आभार माना। इस दौरान शिक्षक, अधिकारी, एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# आलोडा से नांदगांव मार्ग पर पलटी कार

**अमरावती.** नागपुर जिले के रामपुरी (रामठी) से शिवभक्त सालबर्डी यात्रा पर जा रहे थे। इस दौरान आलोडा से नांदगांव चौफुली मार्ग पर अचानक सामने से आई स्वेप्ट डिजायर कार को बचाने के चक्कर में यात्रियों की कार पलट जाने से 14 लोग घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार को हुई। गंभीर रूप से घायलों को अमरावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागपुर जिले, नरखेड तहसील के रामपुरी-रामठी से शिवभक्त क्रूजर से सालबर्डी जा रहे थे। अलोडा से नांदगांव चौफुली के पास जरूड के शेरेकर स्विफ्ट डिजायर कार से सहपरिवार यात्रा कर रहे थे।

# रामनगर परिसर में भोलेनाथ के भक्ती का गजर

**वर्धा.**

स्थानिक रामनगर वर्धा में दिनांक 25 फरवरी को महाशिवरात्री के पर्वपर शाम छह बजे स्वर्गीय पुर्व नगरसेवक लालसिंह ठाकूर सेवा बहुउद्देशीय संस्था वर्धा की ओरसे शुभम ठाकूर के नेतृत्व में भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम मंदिर में दिनभर अभिषेक व पूजन करके भक्तिमय वातावरण में दीपप्रज्वलन व अतिथीयों का स्वागत किया गया.

इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथी पुर्व नगराध्यक्ष संतोषसिंह ठाकुर, पुर्व न.प. उपाध्यक्ष प्रदीपसिंह ठाकुर, गुरु द्रोणाचार्य व्यायाम शाला संस्थापक अध्यक्ष तुषार देवढे, पुर्व नगरसेविका वंदना भुते, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक आडेपवार, पुर्व नगरसेविका विभाताई लालसिंह ठाकूर, पुर्व नगरसेवक लखनसिंह ठाकुर, समाजसेवक दीपक कानेटकर आदी मान्यवर उपस्थित थे.प्रास्ताविक भाषण में गुरु द्रोणाचार्य व्यायाम शाला के अध्यक्ष तुषार देवढे ने कहा कि, स्वर्गीय लालसिंह ठाकुर सेवा संस्था की ओरसे इस महाशिवरात्री के पर्वपर भव्यदिव्य कार्यक्रम का आयोजन करके शुभम



ठाकुर ने रामनगर प्रभाग में नई सोच रखी. सदर कार्यक्रम यह भक्तिमय नौजवानों के लिए प्रेरणा बढानेवाला है.

आज का नौजवान यह शक्ती को प्रेरणा देनेवाला है. भविष्य में इस संस्थाद्वारा वृक्षारोपण, रक्तदान,अन्नदान, क्रीडा स्पर्धा व अन्य सामाजिक कार्य में अग्रेसर रहकर सहकार्य करेंगे, क्रांती शिरोमणी महाराणा प्रताप, छत्रपती शिवाजी महाराज के विचारोंपर चलनेवाली सदर संस्था वर्धा जिले में आदर्श कार्य करके नाम कमायेंगी, ऐसा प्रतिपादन तुषार देवढे ने किया. अध्यक्षीय भाषण में संतोषसिंह ठाकुर ने कहा की, स्वर्गीय लालसिंह ठाकुर यह पती-पत्नी चार बार नगरसेवक बने. शुभम ठाकूर यह समाजसेवा का व्रत लेकर अच्छा उपक्रम चला रहे है. समाजसेवा करके नागरिकों को मदत करे, इससे बडी कोई भी बडी सेवा नही है, ऐसा भी संतोषसीह ठाकूर ने कहा. पुर्व न.प. उपाध्यक्ष प्रदीपसिंह ठाकूर, पुर्व नगरसेविका वंदना भुते ने इस पहल की सराहना करते हुए अपना मनोगत व्यक्त किया. कार्यक्रम की यशस्वीता के लिए शुभम ठाकुर, सौ अर्चना तुषार देवढे,रणजीत ठाकूर,बाबू ठाकूर, अंकित ठाकूर, आदर्श ठामेकर, सुधीर भुते, किशोर ठामेकर, पंकज भगत, विकास जमणारे, हेमंत जामदार, योगेश ठाकूर, प्रफुल्ल पांडे, मनीष बघेल, रुपेश गुडे, श्याम सिद्ध, गजानन कावळे, धनंजय विसपुते, मयूर ठाकरे, विनोद मसराम, पंकज रेवतकर, ऋत्विक नेरकर, अमित सातकर, आदित्य धनुष्कर, अनुजा शेळके, रुद्र द्रव्यकार, ओम निवल, जयराज केडिया, जाकी मकेजानी, रोहित मेश्राम, कृष्णा पाटील, बालू द्रव्येकार, किसन ठाकूर, नयना माकेजानी, रिया मसराम, वसुंधरा भगत, बाली पांडे, वर्षा मसराम आदी ने सहकार्य किया.

# अकोला से चोरी हुआ ट्रक उत्तर प्रदेश से बरामद

## रामदास पेठ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**अकोला.**

अकोला रेलवे स्टेशन के माल धक्का क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रक उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया गया है। इस मामले में रामदास पेठ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, अकोला निवासी प्रभजीत सिंह सहानी का ट्रक (क्रमांक - एम.एच-30-ए.वी-0646) 22 फरवरी को चोरी हो गया था। इस ट्रक की कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामदास पेठ पुलिस ने तफ्तीश शुरू की और जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। पुलिस को मिली एक सूचना के आधार पर रामदास पेठ थाने के थानेदार मनोहर बहुरे के मार्गदर्शन में डी.बी. स्क्वॉड के अधिकारी शेख हसन शेख अब्दुल्लाह




और श्याम मोहले को उत्तर प्रदेश भेजा गया।

वहां पुलिस ने चोरी हुआ ट्रक बरामद करने के साथ ही आरोपी नरसिंह रामस्वरूप सिंह गूजर (41 वर्ष, निवासी - इंदौर, मध्य प्रदेश) को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अकोला लाकर पुलिस हिरासत में रखा गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है।

पुलिस को शक है कि आरोपी ने अकोला शहर में बड़े वाहनों की चोरी के कई और वारदातों को भी अंजाम दिया हो सकता है।

पुलिस अब इस दिशा में भी जांच कर रही है। रामदास पेठ पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में वाहन चोरी के मामलों पर लगाम लगाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नवनियुक्त थानेदार देवेंद्र ठाकुर के लिए हिंगनघाट पुलिस स्टेशन एक बड़ी चुनौती

**हिंगनघाट.** पुलिस स्टेशन में लगातार थानेदारों के बदलाव के बाद अब नवनियुक्त थानेदार देवेंद्र ठाकुर को इस थाने का प्रभार सौंपा गया है। जिले के नए पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन द्वारा किए गए तबादलों के तहत पूर्व थानेदार मनोज गभने को सेलू पुलिस स्टेशन भेजा गया है, जबकि सेलू पुलिस स्टेशन में तैनात देवेंद्र ठाकुर अब हिंगनघाट की कानून व्यवस्था संभालेंगे। हिंगनघाट पुलिस स्टेशन की सीमा में लगातार बढ़ते अपराधों ने पुलिस प्रशासन के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। पिछले कुछ महीनों में चोरी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। खासतौर पर, बंद घरों में चोरी की वारदातें अब दिनदहाड़े होने लगी हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। इसके अलावा, हाल ही में हिंगणघाट बस स्टैंड स्थित महिला शौचालय के कूड़ेदान में एक नवजात शिशु मिलने की घटना से शहर में सनसनी फैल गई थी।

# कराटे खेल के विकास में सतीश अंभोरे का योगदान उत्साहवर्धक: राही

**वर्धा.**

प्रशासकीय सेवा में अधिकारी और उनकी शासकीय काम की व्यस्तता यह सबको परिचित है. लेकिन ऐसी व्यस्तता से समय निकालकर सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए सांस्कृतिक, साहित्यीक, क्रीडा क्षेत्र में जिनका सहभाग महत्त्वपुर्ण है, ऐसे एक अधिकारी के रुप में कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे सभी को परिचित है.

वर्धा शहर में सायंकालीन प्रशिक्षण वर्गव्दारा कराटे यह खेल प्रसिद्ध हुआ है.आत्मरक्षा, चपलता, शारिरीक सुदृढता का अतुट मेलवाले इस खेल को प्रोत्साहन देनेवाले और इस खेल के संवर्धन के



लिए कार्यरत आधारस्तंभ के रुप में सतीश अंभोरे का गौरवपुर्ण उल्लेख किया जायेगा. हर युवक और मुख्य तौरपर युवती स्वरक्षा के लिए यह खेल आत्मसात करें, ऐसा,आग्रही रवैय्या तथा इस खेल को बडे प्रमानेपर प्रचालीत करने में उनका उल्लेखनीय सहभाग है भविष्य में भी इस खेल के लिए सहकार्य करने का उन्होने दिया आश्वासन भी हमारे लिए उत्साहवर्धक है, ऐसा प्रतिपादन ट्रेडिशनल शोतोकान कराटे असोसिएशन के राष्ट्रीय सल्लागार इमरान राही ने किया. वे शहीद हुतात्मा स्मारक लॉयन्स ट्रेडिशनल शोतोकान कराटे असोसिएशन की ओरसे सार्वजनिक बांधकाम विभाग के कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे का सत्कार करते समय बोल रहे थे. उनका शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व सम्मान चिन्ह देकर सत्कार किया गया. इस प्रसंगपर लॉयन्स क्लॅब के अध्यक्ष सुरेंद्र महाकालकर, आष्टेडु अखाडा के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन मोहिते, लॉयन्स क्लॅब के पुर्व अध्यक्ष विजय सत्यम, ट्रेडिशनल कराटे असोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव कोशी उल्हास वाघ, सिहान साहील वाघ, लिला वाघ, इमरान राही, भोजराज चौधरी मुख्य रुप से मंचपर उपस्थित थे.

# यूनिसेफ की ओर से आयोजित 'आरंभ' अंतर्गत पालक मेलावा संपन्न

**हिंगनघाट.** यूनिसेफ द्वारा आयोजित 'आरंभ' अंतर्गत हिंगणघाट के शिवाजी पार्क में 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लाभार्थियों के लिए पालक मेळावा (अभिभावक सम्मेलन) का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने फेंके जाने वाले सामान से विभिन्न प्रकार के उपयोगी साहित्य तैयार किए। साथ ही, घरेलू सामान से बच्चों के लिए खिलौने बनाकर उन्हें कैसे तैयार किया जा सकता है, इस पर भी सुंदर रचनाएं प्रदर्शित की गईं। इस अवसर पर बनाई गई रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किशोरवयीन लड़कियों ने पारंपरिक महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनीषा कुरसंगे मैडम ने मेलावे को भेंट देकर तैयार किए गए साहित्य की सराहना की।

# महावितरण के कारण फसल बर्बाद

## बोटे-ज्योतिबा नगर में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर बंद से लोगों में नाराजगी

**गोरेगांव.**

तहसील में इन दिनों महावितरण बिजली बिल वसूल करने में व्यस्त हैं वहीं समस्याओं पर किसी का कोई ध्यान नहीं है. ऐसा ही एक मामला ग्राम बोटे के ज्योतिबा नगर में सामने आ रहा है. यहां स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से जल कर पड़ा है लेकिन बार-बार शिकायत करने पर भी महावितरण इस ट्रांसफार्मर की दुरुस्ती पर रुचि नहीं दिखा रहा है. पिछले 15 दिनों से फसलों को पानी नहीं मिला है जिसमें करीब 50 किसानों की इस वर्ष की रबी फसल बर्बाद हो गई है. फसलों के बर्बादी का कारण महावितरण विभाग को बताया जा रहा है. ऐसे में किसानों का महावितरण के खिलाफ रोष देखा जा रहा है. किसानों द्वारा स्थानीय



लाइनमैन पटले को तत्काल हटाने की मांग की जा रही है.

जानकारी के अनुसार गोरेगांव तहसील में ग्राम बोटे के ज्योतिबा नगर में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर 15 दिन पहले जल गया था जिसकी शिकायत किसानों द्वारा तत्काल महावितरण विभाग तेढा उपकेंद्र से की थी. लेकिन फिर भी ट्रांसफार्मर दुरुस्ती पर महावितरण विभाग लगातार टालमटौल करता रहा है. बार-बार शिकायत करने पर भी महावितरण इस विषय को अनदेखी करने में लग रहा. जिसका दुष्परिणाम पानी की अभाव में यहां अनेक किसानों की फासले नष्ट हो गई है.

**पानी की कमी से जमीन में दरारें**

उल्लेखनीय यह है कि इस ट्रांसफार्मर से 50 के करीब किसानों को विद्युत कनेक्शन दिए हुए हैं. 15 दिनों से किसानों की फसलों को पानी नहीं मिला है ऐसे में जमीनों में दरारें आ गई है वहीं फसलें पुरी तरह सुख गई है. महावितरण की एक लापरवाही से पूरे वर्ष की रबी फसल बर्बाद हो गई है. 28 फरवरी को बोटे के किसानों द्वारा महावितरण विभाग गोरेगांव कार्यालय में रोष प्रदर्शन किया गया है. इस बीच स्थानीय लाइनमैन की सांठगांठ से गांव के विद्युत पोल से डायरेक्ट कृषि पंप चलाने की चर्चाएं है. साथ ही लाइनमैन द्वारा किसानों को परेशान करने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है.

# तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने उपजिला अस्पताल का किया दौरा

**हिंगनघाट.**

तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हिंगनघाट के डी. फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए "उपजिला अस्पताल, हिंगणघाट" में एक शैक्षणिक दौरे का आयोजन किया गया। इस दौरे में प्राध्यापकों सहित कुल 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए उन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया और अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कराया गया।

विद्यार्थियों ने ओपीडी, ट्रॉमा सेंटर, कैजुअल्टी विभाग, सेंट्रल फार्मेसी स्टोर, फ्लोर फार्मेसी, इन-पेशेंट फार्मेसी, पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न विभागों का दौरा



किया। इस दौरान उन्हें प्रत्येक विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को दवा प्रबंधन और रोगी सेवा में अस्पताल के फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का अवसर मिला। यह उनके लिए प्रत्यक्ष स्वास्थ्य सेवा वातावरण में एक व्यावहारिक अनुभव था, जिससे सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक फार्मेसी प्रक्रिया के बीच का अंतर कम करने में मदद मिली। दौरे के दौरान फार्मेसी टीम ने अस्पताल के औषधि भंडारण, वितरण प्रणाली और रोगी परामर्श कक्ष का भी निरीक्षण किया। विद्यार्थियों को यह जानकारी मिली कि दवाओं का वितरण कैसे किया जाता है, जिसमें यूनिट डोज और वार्ड स्टॉक सिस्टम की प्रक्रिया शामिल होती है और इस दौरान रोगियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा, दवाओं के उचित भंडारण और इन्वेंटरी प्रबंधन प्रणाली को समझाया गया, जिससे दवा अपव्यय को कम किया जा सके। इस दौरान विद्यार्थियों ने फार्मेसी कर्मचारियों से संवाद किया और दवा की उपलब्धता, कार्य प्रबंधन और मरीजों को निर्धारित उपचार का पालन सुनिश्चित कराने संबंधी जानकारी प्राप्त की।

यह शैक्षणिक दौरा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र गुंडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप एस. रघाटाटे (एचओडी-डिप्लोमा), प्रणय बुरले, अंजू तन्ना और पराग भाईमारे की विशेष भूमिका रही। महाविद्यालय प्रशासन ने इस दौरे के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले अस्पताल प्रशासन और फार्मेसी विभाग के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में नागपुर का जलवा

**नागपुर.**

22-23 फरवरी 2025 को श्रीलंका में आयोजित ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में नागपुर की कराटे टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की। राज्य भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में, नागपुर के नौ एथलीटों की टीम ने काता और कुमिते श्रेणियों में अपना दबदबा कायम करते हुए कुल 5 स्वर्ण पदक और 5 रजत पदक जीते।

इस अनूठी सफलता का श्रेय उनके कोच विशाल डोंगरे के अथक मार्गदर्शन को जाता है। प्रशिक्षण के



माध्यम से ही इन खिलाड़ियों ने अपने कौशल का विकास किया। खिलाड़ियों ने अपने माता-पिता को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनकी पूरी यात्रा के दौरान उन्हें निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान किया।

(इन खिलाड़ियों का चयन ऑस्ट्रेलिया में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय एशिया कप के लिए हुआ है 1) अदिति इंगोले 2) इशिता सोमैया

नागपुर टीम की यह जीत कराटे में शहर की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है और इन युवा एथलीटों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का भी प्रतीक है। उनकी उपलब्धि ने नागपुर शहर को गौरवान्वित किया है और वे राज्य भर के उभरते कराटे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

### खिलाड़ियों का व्यक्तिगत प्रदर्शन इस प्रकार है

1. ह्रीदान स्वैथुल (येलो बेल्ट) काता रजत पदक और कुमिते स्वर्ण पदक
2. आरोही गौरे (येलो बेल्ट) काता स्वर्ण पदक और कुमिते रजत पदक
3. अदिति इंगोले (ब्लैक बेल्ट): काता स्वर्ण पदक और कुमिते रजत पदक
4. हर्षल सीतापुरे (ब्लैक बेल्ट): काता स्वर्ण पदक और कुमिते रजत पदक
5. इशिता सोमैया (ब्लैक बेल्ट): श्रेणी में स्वर्ण पदक और कुमिते रजत पदक

# श्री क्षेत्र अदासा में सामूहिक अथर्वशीर्ष पाठ आज

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना में आज श्रीक्षेत्र अदासा में सामूहिक श्री गणपति अथर्वशीर्ष पाठ समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 7:15 बजे प्रारम्भ होगा। भक्तों के सुबह 7 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। नितिन गडकरी स्वयं अपने परिवार के साथ उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर श्री गणपति अथर्वशीर्ष स्तोत्र के 21 श्लोकों



का सामूहिक पाठ किया जाएगा। उसके बाद आरती होगी। आयोजन समिति ने नागपुर शहर और नागपुर ग्रामीण क्षेत्रों के सभी भक्तों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। संस्थाएं, संगठन, धार्मिक संस्थाएं और श्रद्धालु भी अपने परिवार के साथ व्यक्तिगत रूप से इसमें भाग ले सकेंगे। गणेश भक्त अपने स्वयं के वाहनों से कार्यक्रम स्थल पर आ सकते हैं।

**भक्ति गीतों की संध्या बेला**

आज शाम 6 बजे प्रसिद्ध गायिका मुग्धा वैशम्पायन और प्रथमेश लघाटे द्वारा भक्ति गीत और भजनों का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम धापेवाड़ा में नदी के किनारे एक प्रांगण में आयोजित किया गया है।

# खैरी तायगांव-बोरगांव में ठेका श्रमिकों का शोषण

## > श्रम विभाग की उदासीनता

**सौसर.**

पांढुर्णा जिले के विकासखंड सौसर के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र खैरी तायगांव-बोरगांव में कंपनियां स्थापित होने का सिलसिला जारी है,जब से सरकार ने कंपनियों में ठेका प्रथा की अनुमति प्रदान की वैसे ही इन कंपनियों में ठेका श्रमिकों का शोषण का सिलसिला जारी है| ठेका श्रमिकों को बंधूवा मजदूरों की तरह 12 घंटे कार्य कराया जाकर निर्धारित पारिश्रमिक से भी कम दैनिक मजदूरी दी जा रही है,यदि कोई श्रमिक न्यूनतम वेतन के लिए आवाज उठाता है, तो उसको प्रताड़ित कर काम से निकाला जाता है| इस संबध में ठेका श्रमिकों का कहना है कि भले ही हमारे लिए सरकार ने श्रम विभाग बना दिया है,लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नही है,किसी भी नुमाइंदे ने आज तक हमारे हक के लिए किसी भी तरह



से कोई सकारात्मक पहल नहीं की है और हमारा शोषण यूं ही होता रहा है| गौरतलब हो की क्षेत्र के एकेवीएन के अंतर्गत कंपनियां स्थापित हो रही है जिससे क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों में खुशियों की लहर दौड़ गई किंतु कुछ ही दिनों में मायूसी भरे चेहरे प्रतीत होने लगे इसकी वजह यह है कि इन कंपनियों में 8 घंटे की बजाय 12-12 घंटे श्रमिकों से काम लेना,जिससे उनके स्वास्थ्य पर कुछ हद तक विपरीत असर होने से श्रमिकों ने कंपनियां छोड़ने में ही अपनी भलाई समझी| इससे भी अधिक इन कंपनियों में ठेकेदारी प्रथा श्रमिकों के शोषण का अच्छा खासा फंडा है, जो इस बात का परिचायक है कि सीधे-सीधे कंपनी ठेकेदारों के माध्यम से कामगारों से अत्यधिक काम लेकर पारिश्रमिक भी कम देकर श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है,

क्षेत्र में औद्योगिक स्थापना के साथ ही श्रम कानून भी लागू हो जाते हैं किंतु कंपनी प्रबंधन किस तरह श्रम कानून का पालन कर रही है यह इन कंपनियों में कार्यरत कामगारों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है|सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में श्रम अधिकारियों की पदस्थापना भी है वह इन कंपनियों में श्रमिक शोषण से अच्छी तरह वाकिफ है किंतु कानून की देवी की आंखों में बंधी पट्टी की तरह इनकी आंखों पर भी पट्टी बंधी हुई है जो क्षेत्र की कंपनियों में श्रमिकों के शोषण को देख नहीं पा रहे हैं या जानकर भी अनजान बन रहे हैं|

श्रमिक संगठनों की भूमिका क्षेत्र में नेताओं की कमी नहीं है उस पर श्रमिक संगठनों की भी कमी नहीं,फिर भी श्रमिक अपनी मांगों को लेकर स्वंय प्रबंधन से लड़ रहे हैं,या फिर आंदोलन, अनशन जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं,उसकी क्या वजह है|सूत्र बताते कि इसके पीछे भी स्वार्थी राजनीति है, प्रदेश संगठन किसी न किसी राजनीतिक दल से जुडा होने के कारण नेताओं की दखलंदाजी ने श्रमिक संगठनों को स्वार्थी बना दिया है,जिसके कारण श्रमिकों को अपनी ताकत एवं रुतबा बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 467-7 | 136-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 244-0 | 366-5 |

# महाशिवरात्रि महोत्सव निमनी में



**सौसर.** ग्राम निमनी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में हुए आयोजन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर सौसर की बीके मंगल बहन ने प्रवचन करते कहा कि शिव परमपिता परमात्मा है मनुष्य ने जीवन का लक्ष्य तय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी विश्व परिवर्तन का कार्य शुरू है परमात्मा इस धरा पर आ चुके है उसको अनुभव करने की आवश्यकता है ।

इसके अलावा परमपिता परमात्मा के संदेश पर भी जानकारी दी। महोत्सव में हरिभक्त परायण अरुण महाराज येलाकर ने गोपाल काला कीर्तन करते हुए इसका महत्व बताया। महाप्रसाद वितरण का श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। आयोजक शिव मंदिर समिति के दौलत बोढ़े, विट्ठल नागठाने, सदाशिव कोंडेकर, महादेव वडोले, प्रवीण वाटकर, अशोक ठाकरे, कमलेश कांनडे आदि उपस्थित रहे।

# सेंटबीटी कान्वेंट में माहे रमजान प्रोग्राम का आयोजन

## > सांकेतिक इफ्तार और नेक कामों का संदेश



**नागपुर.**



भानखेड़ा स्थित सेंट बी. टी. कान्वेंट में माहे रमजान की आमद के मौके पर प्रोग्राम का आयोजन किया गया. प्री प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों को इस मौके पर सांकेतिक इफ्तार कराई गई. रमजान माह में सभी नेक कामों को किस तरीके से किया जाना है विद्यार्थियों को उससे अवगत कराया गया. रमजान के पैगाम के रूप में विद्यार्थियों को दूसरों के काम आना, भूखो को खाना खिलाना, जरूरतमंदों की मदद करना आदि का पैगाम दिया गया. इस अवसर पर स्कूल संचालक मुस्तफा खान एवं स्कूल मुख्य अध्यापिका मोनिका फ्रांसिस मुख्य रूप से उपस्थित थे. शिक्षिका अरवा अहमद और सना शेख ने मंच संचालन किया एवं स्कूल पर्यवेक्षक अमरीन फिरदौस ने आभार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्व शिक्षक अरवा किराना वाला, तसनीम अदनान, लता कुहीकर, सकीना ट्रांकवाला, बतूल ट्रांकवाला, फातिमा जमाली, रशीदा नूर, अल्फिया चौधरी, महजबीन शेख, सानिया शेख, अर्शिया खान, शबीना नियाज़ अली, नुसरत शिरीन, , गुलशन बानो, शानीम शेख, शबीना सैय्यद, हीना कौसर,. जुनेद खान आदि ने प्रयास किए.

# हनुमान मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन

**सौसर.** शनिवार को लाखों करोडों श्रद्धालूओं के आस्था का केन्द्र चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जामसांवली की प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन प्रशासक न्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिद्धार्थ पटेल की प्रमुख उपस्थिति में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रकिया में कुल 11 सदस्यीय प्रबंध्ण कार्यकारिणी के नामांकन प्रस्तुत किये गये। जिसमें मंदिर न्यास के प्रथम संरक्षक के रूप में वरिष्ठ न्यासी दादाराव बोबडे को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। श्री बोबडे संरक्षक न्यास के प्रमुख मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन करेगे। इसके अलावा प्रबंध कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकार, सहसचिव एड. एम. एन. खंडाईत, कोषाध्यक्ष संजय डवरे, सहकोषाध्यक्ष मनोहर शेलकी तथा कार्यकारिणी सदस्यों में नितीन मोहगांवकर, पांडुरंग बोबडे, संदीप मोहोड, शिशिर खंडार, एड. अजय धवले का चयन किया गया। निर्वाचन प्रकिया में पदाधिकारियों सहित मंदिर कमेटी के महादेव मते, पंजाबराव येलमुले, वसंत शेलकी, प्रदीप बुटे, श्रीराम डवरे, रामराव डवरे, वसंता येलमुले, भास्कर गुढदे, भीमराव वाकोडे, ने सहभाग लिया।

